A–BRL–M–HTUD

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र–IV)

| समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250 |
|---|---|

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

दो खण्डों में कुल **चौदह** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

# GENERAL STUDIES (PAPER–IV)

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |
|---|---|

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are FOURTEEN questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

All questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

प्रश्नों के उत्तर बन्धनी में विनिर्दिष्ट शब्द सीमा से **ज्यादा न हों**। उत्तर की विषय-वस्तु शब्द सीमा से अधिक महत्त्वपूर्ण है।

Answer questions in NOT MORE than the word limit specified for each in the parenthesis. Content of the answer is more important than its length.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** 'मूल्यों' व 'नैतिकताओं' से आप क्या समझते हैं? व्यावसायिक सक्षमता के साथ नैतिक भी होना किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है? (*150* शब्द)

What do you understand by 'values' and 'ethics'? In what way is it important to be ethical along with being professionally competent? (*150* words) 10

**2.** *(a)* लोक सेवा के संदर्भ में निम्न शब्दों से आप क्या समझते हैं? (*250* शब्द)

What do you understand by the following terms in the context of public service? (*250* words) 3×5=15

*(i)* सत्यनिष्ठा / Integrity

*(ii)* अध्यवसाय / Perseverance

*(iii)* सेवा-भाव / Spirit of service

*(iv)* प्रतिबद्धता / Commitment

*(v)* साहसपूर्ण दृढ़ता / Courage of conviction

*(b)* दो ऐसे अन्य गुण बताइए जिन्हें आप लोक सेवा के लिए महत्त्वपूर्ण समझते हैं। अपने उत्तर का औचित्य समझाइए। (*100* शब्द)

Indicate two more attributes which you consider important for public service. Justify your answer. (*100* words) 10

**3.** कुछ लोगों का मानना है कि मूल्य समय और परिस्थिति के साथ बदलते रहते हैं जबकि अन्य दृढ़ता से मानते हैं कि कुछ मानवीय मूल्य सर्वव्यापक व शाश्वत हैं। इस सम्बन्ध में आप अपनी धारणा तर्क देकर बताइए। (*150* शब्द)

Some people feel that values keep changing with time and situation, while others strongly believe that there are certain universal and eternal human values. Give your perception in this regard with due justification. (*150* words) 10

**4.** 'भावात्मक प्रज्ञता' क्या होता है और यह लोगों में किस प्रकार विकसित किया जा सकता है? किसी व्यक्ति विशेष को नैतिक निर्णय लेने में यह कैसे सहायक होता है? (*150* शब्द)

What is 'emotional intelligence' and how can it be developed in people? How does it help an individual in taking ethical decisions? (*150* words) 10

**5.** *(a)* 'अंतःकरण की आवाज़' से आप क्या समझते हैं? आप स्वयं को अंतःकरण की आवाज़ पर ध्यान देने के लिए कैसे तैयार करते हैं? (*150* शब्द)

What do you understand by the term 'voice of conscience'? How do you prepare yourself to heed to the voice of conscience? (*150* words) 10

*(b)* 'विवेक का संकट' से क्या अभिप्राय है? अपने जीवन की एक घटना बताइए जब आपका ऐसे संकट से सामना हुआ और आपने उसका समाधान कैसे किया। (*150* शब्द)

What is meant by 'crisis of conscience'? Narrate one incident in your life when you were faced with such a crisis and how you resolved the same. (*150* words) 10

ABHIYAS IAS ACADEMY

**6.** तीन महान नैतिक विचारकों/दार्शनिकों के अवतरण नीचे दिए गए हैं। आपके लिए प्रत्येक अवतरण का वर्तमान संदर्भ में क्या महत्त्व है, स्पष्ट कीजिए :

Given below are three quotations of great moral thinkers/philosophers. For each of these quotations, bring out what it means to you in the present context :

*(a)* ''पृथ्वी पर हर एक की आवश्यकता-पूर्ति के लिए काफ़ी है पर किसी के लालच के लिए कुछ नहीं।'' —*महात्मा गाँधी* (*150* शब्द)

"There is enough on this earth for every one's need but for no one's greed." —*Mahatma Gandhi* (*150* words) 10

*(b)* ''लगभग सभी लोग विपत्ति का सामना कर सकते हैं पर यदि किसी के चरित्र का परीक्षण करना है, तो उसे शक्ति/अधिकार दे दो।''—*अब्राहम लिंकन* (*150* शब्द)

"Nearly all men can withstand adversity, but if you want to test a man's character, give him power."—*Abraham Lincoln* (*150* words) 10

*(c)* ''शत्रुओं पर विजय पाने वाले की अपेक्षा मैं अपनी इच्छाओं का दमन करने वाले को अधिक साहसी मानता हूँ।'' —*अरस्तू* (*150* शब्द)

"I count him braver who overcomes his desires than him who overcomes his enemies."—*Aristotle* (*150* words) 10

**7.** ''सर्वहित में ही हर व्यक्ति का हित निहित है।'' आप इस कथन से क्या समझते हैं? सार्वजनिक जीवन में इस सिद्धान्त का कैसे पालन किया जा सकता है? (*150* शब्द)

"The good of an individual is contained in the good of all." What do you understand by this statement? How can this principle be implemented in public life? (*150* words) 10

**8.** प्रायः यह कहा जाता है कि 'राजनीति' और 'नैतिकता' साथ-साथ नहीं चल सकते। इस सम्बन्ध में आपका क्या मत है? अपने उत्तर का, उदाहरणों सहित, आधार बताइए। (*150* शब्द)

It is often said that 'politics' and 'ethics' do not go together. What is your opinion in this regard? Justify your answer with illustrations. (*150* words) 10

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

## खण्ड—B / SECTION—B

निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए प्रकरणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके बाद पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

In the following questions, carefully study the cases presented and then answer the questions that follow :

**9.** एक जन सूचना अधिकारी (PIO) को सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम के अंतर्गत एक आवेदन मिलता है। सूचना एकत्र करने के बाद उसे पता चलता है कि वह सूचना स्वयं उसी के द्वारा लिए गए कुछ निर्णयों से सम्बन्धित है, जो पूर्णरूप से सही नहीं थे। इन निर्णयों में अन्य कर्मचारी भी सहभागी थे। सूचना प्रकट होने पर स्वयं उसके तथा उसके अन्य मित्रों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही हो सकती है, जिसमें दंड भी संभावित है। सूचना प्रकट न करने या आंशिक या छद्मावरित सूचना उपलब्ध कराने पर कम दंड या दंड-मुक्ति भी मिल सकती है।

PIO अन्यथा एक ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति है पर यह विशिष्ट निर्णय, जिसके सम्बन्ध में RTI आवेदन दिया गया है, गलत निकला। वह अधिकारी आपके पास सलाह के लिए आया है।

नीचे सुझावों के कुछ विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक विकल्प का गुण-दोष के आधार पर मूल्यांकन कीजिए :

A Public Information Officer has received an application under RTI Act. Having gathered the information, the PIO discovers that the information pertains to some of the decisions taken by him, which were found to be not altogether right. There were other employees also who were party to these decisions. Disclosure of the information is likely to lead to disciplinary action with possibility of punishment against him as well as some of his colleagues. Non-disclosure or part disclosure or camouflaged disclosure of information will result into lesser punishment or no punishment.

The PIO is otherwise an honest and conscientious person but this particular decision, on which the RTI application has been filed, turned out to be wrong. He comes to you for advice.

The following are some suggested options. Please evaluate the merits and demerits of each of the options :

*(i)* PIO इस मामले को अपने ज्येष्ठ अधिकारी को उसकी सलाह के लिए संदर्भित करे और कड़ाई से उसी के अनुसार कार्यवाही करे चाहे वह स्वयं उस सलाह से पूर्णतया सहमत न हो।

The PIO could refer the matter to his superior officer and seek his advice and act strictly in accordance with the advice, even though he is not completely in agreement with the advice of the superior.

*(ii)* PIO छुट्टी पर चला जाए और मामले को अपने उत्तराधिकारी (कार्यालय में) पर छोड़ दे या सूचना आवेदन को किसी अन्य PIO को स्थानान्तरण का निवेदन करे।

The PIO could proceed on leave and leave the matter to be dealt by his successor in office or request for transfer of the application to another PIO.

*(iii)* PIO सच्चाई के साथ सूचना प्रकट करने व अपनी जीविका पर उसके प्रभाव पर मनन करके इस भाँति उत्तर दे जिससे वह या उसकी जीविका पर जोखिम न आए पर साथ ही सूचना की अन्तर्वस्तु पर कुछ समझौता किया जा सकता है।

The PIO could weigh the consequences of disclosing the information truthfully, including the effect on his career, and reply in a manner that would not place him or his career in jeopardy, but at the same time a little compromise can be made on the contents of the information.

*(iv)* PIO उन सहयोगियों, जो इस निर्णय को लेने में सहभागी थे, से परामर्श करे और उनकी सलाह के अनुरूप कार्यवाही करे।

The PIO could consult his other colleagues who are party to the decision and take action as per their advice.

अनिवार्य रूप से केवल उपरोक्त विकल्पों तक सीमित न रखते हुए आप अपनी सलाह दीजिए और उसके उचित कारण भी बताइए। (*250* शब्द)

Also please indicate (without necessarily restricting to the above options) what you would like to advise, giving proper reasons. (*250* words) 20

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

**10.** आप नगरपालिका परिषद के निर्माण विभाग में अधिशासी अभियंता पद पर तैनात हैं और वर्तमान में एक ऊपरगामी पुल (flyover) के निर्माण-कार्य के प्रभारी हैं। आपके अधीन दो कनिष्ठ अभियंता हैं, जो प्रतिदिन निर्माण-स्थल के निरीक्षण के उत्तरदायी हैं तथा आपको विवरण देते हैं और आप विभाग के अध्यक्ष, मुख्य अभियंता को रिपोर्ट देते हैं। निर्माण-कार्य पूर्ण होने को है और कनिष्ठ अभियंता नियमित रूप से यह सूचित करते रहे हैं कि निर्माण-कार्य परिकल्पना के विनिर्देशों के अनुरूप हो रहा है। लेकिन आपने अपने आकस्मिक निरीक्षण में कुछ गंभीर विसामान्यताएँ व कमियाँ पाईं, जो आपके विवेकानुसार पुल की सुरक्षा को प्रभावित कर सकती हैं। इस स्तर पर इन कमियों को दूर करने में काफ़ी निर्माण-कार्य को गिराना और दोबारा बनाना होगा जिससे ठेकेदार को निश्चित हानि होगी और कार्य-समाप्ति में विलम्ब भी होगा। क्षेत्र में भारी ट्रैफिक जैम के कारण परिषद पर निर्माण शीघ्र पूरा करने के लिए जनता का बड़ा दबाव है। जब आप स्थिति मुख्य अभियंता के संज्ञान में लाए, तो उन्होंने अपने विवेकानुसार इसको बड़ा गम्भीर दोष न मानकर इसे उपेक्षित करने की सलाह दी। उन्होंने परियोजना को समय से पूरा करने हेतु कार्य को आगे बढ़ाने के लिए कहा। परन्तु आप आश्वस्त हैं कि यह गम्भीर प्रकरण है जिससे जनता की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है और इसको बिना ठीक कराए नहीं छोड़ा जा सकता।

ऐसी स्थिति में आपके करने के लिए कुछ विकल्प निम्नलिखित हैं। इनमें से प्रत्येक विकल्प का गुण-दोष के आधार पर मूल्यांकन कर अन्ततः सुझाव दीजिए कि आप क्या कार्यवाही करना चाहेंगे और क्यों। (*250* शब्द)

You are working as an Executive Engineer in the construction cell of a Municipal Corporation and are presently in-charge of the construction of a flyover. There are two Junior Engineers under you who have the responsibility of day-to-day inspection of the site and are reporting to you, while you are finally reporting to the Chief Engineer who heads the cell. While the construction is heading towards completion, the Junior Engineers have been regularly reporting that all construction is taking place as per design specifications. However, in one of your surprise inspections, you have noticed some serious deviations and lacunae which, in your opinion, are likely to affect the safety of the flyover. Rectification of these lacunae at this stage would require a substantial amount of demolition and rework which will cause a tangible loss to the contractor and will also delay completion. There is a lot of public pressure on the Corporation to get this construction completed because of heavy traffic congestion in the area. When you brought this matter to the notice of the Chief Engineer, he advised you that in his opinion it is not a very serious lapse and may be ignored. He advised for further expediting the project for completion in time. However, you are convinced that this was a serious matter which might affect public safety and should not be left unaddressed.

What will you do in such a situation? Some of the options are given below. Evaluate the merits and demerits of each of these options and finally suggest what course of action you would like to take, giving reasons. (*250* words) 20

*(i)* मुख्य अभियंता की सलाह मानकर आगे बढ़ जाएँ।

Follow the advice of the Chief Engineer and go ahead.

*(ii)* सभी तथ्यों व विश्लेषण को दिखाते हुए स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट बनाकर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए मुख्य अभियंता से लिखित आदेश का निवेदन करें।

Make an exhaustive report of the situation bringing out all facts and analysis along with your own viewpoints stated clearly and seek for written orders from the Chief Engineer.

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

(iii) कनिष्ठ अभियंताओं से स्पष्टीकरण माँगें और ठेकेदार को निश्चित अवधि में दोष-निवारण के लिए आदेश दें।

Call for explanation from the Junior Engineers and issue orders to the contractor for necessary correction within targeted time.

(iv) इस विषय को बलपूर्वक उठाएँ ताकि यह मुख्य अभियंता के वरिष्ठ जनों तक पहुँच सके।

Highlight the issue so that it reaches superiors above the Chief Engineer.

(v) मुख्य अभियंता के अनम्य विचार को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना से अपने स्थानान्तरण के लिए आवेदन करें या बीमारी की छुट्टी पर चले जाएँ।

Considering the rigid attitude of the Chief Engineer, seek transfer from the project or report sick.

**11.** तमिलनाडु में शिवकासी पटाखा और दियासलाई निर्माताओं के समूहों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ की स्थानीय अर्थव्यवस्था अधिकांशतः पटाखा उद्योग पर निर्भर है। इसी से इस क्षेत्र का आर्थिक विकास हुआ है और रहन-सहन का स्तर भी सुधरा है।

जहाँ तक पटाखा उद्योग जैसे ख़तरनाक उद्योगों के लिए बाल श्रमिक नियमों का प्रश्न है, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने श्रम हेतु न्यूनतम आयु-सीमा 18 वर्ष निर्धारित की है। जबकि भारत में यह आयु-सीमा 14 वर्ष है।

पटाखों के औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों को पंजीकृत तथा अपंजीकृत दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। घरों पर आधारित कार्यशालाएँ एक विशिष्ट इकाई है। यद्यपि पंजीकृत/अपंजीकृत इकाइयों में बाल श्रमिक रोजगार के विषय में कानून स्पष्ट है, घरों पर आधारित कार्य उसके अंतर्गत नहीं आते। ऐसी इकाइयों में माना जाता है कि बालक अपने माता-पिता व सम्बन्धियों की देख-रेख में कार्य कर रहे हैं। बाल श्रमिक मानकों से बचने के लिए अनेक इकाइयाँ अपने को घरों पर आधारित कार्य बताती हैं और बाहरी बालकों को रोजगार देती हैं। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि बालकों की भर्ती से इन इकाइयों की लागत बचती है जिससे उनके मालिकों को अधिक लाभ मिलता है।

आपने शिवकासी में एक इकाई का दौरा किया, जिसमें 14 वर्ष से कम आयु के लगभग 10–15 बालक काम करते हैं। उसका मालिक आपको इकाई परिसर में घुमाता है। मालिक आपको बताता है कि घर-आधारित इकाई में वे बालक उसके सम्बन्धी हैं। आप देखते हैं कि जब मालिक यह बता रहा है, तो कई बालक खीस निपोरते हैं। गहन पूछताछ में आप जान जाते हैं कि मालिक और बालक परस्पर कोई सम्बन्ध संतोषजनक रूप से सिद्ध नहीं कर पाए।

Sivakasi in Tamil Nadu is known for its manufacturing clusters on firecrackers and matches. The local economy of the area is largely dependent on firecrackers industry. It has led to tangible economic development and improved standard of living in the area.

So far as child labour norms for hazardous industries like firecrackers industry are concerned, International Labour Organization (ILO) has set the minimum age as 18 years. In India, however, this age is 14 years.

The units in industrial clusters of firecrackers can be classified into registered and non-registered entities. One typical unit is household-based work. Though the law is clear on the use of child labour employment norms in registered/non-registered units, it does not include household-based works. Household-based work means children working under the supervision of their parents/relatives. To evade child labour norms, several units project themselves as household-based works but employ children from outside. Needless to say that employing children saves the costs for these units leading to higher profits to the owners.

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

On your visit to one of the units at Sivakasi, the owner takes you around the unit which has about 10–15 children below 14 years of age. The owner tells you that in his household-based unit, the children are all his relatives. You notice that several children smirk, when the owner tells you this. On deeper enquiry, you figure out that neither the owner nor the children are able to satisfactorily establish their relationship with each other.

*(a)* इस प्रकरण में अंतर्ग्रस्त नैतिक विषय स्पष्ट कीजिए और उनकी व्याख्या कीजिए।

Bring out and discuss the ethical issues involved in the above case.

*(b)* इस दौरे के बाद आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी? (*300* शब्द)

What would be your reaction after your above visit? (*300* words) 25

**12.** आप देश के एक प्रमुख तकनीकी संस्थान के अध्यक्ष हैं। संस्थान, प्रोफेसरों के पद के चयन हेतु आपकी अध्यक्षता में साक्षात्कार पैनल का आयोजन शीघ्र ही करने वाले हैं। साक्षात्कार से कुछ दिन पहले आपके पास एक ज्येष्ठ शासकीय अधिकारी के निजी सचिव का फोन आता है जिसमें आपसे उक्त पद के लिए उस अधिकारी के एक निकट सम्बन्धी के पक्ष में चयन करने की अपेक्षा की जाती है। निजी सचिव यह भी बताते हैं कि आपके संस्थान के आधुनिकीकरण के लिए बहुत समय से लम्बित महत्त्वपूर्ण वित्तीय अनुदान के प्रस्तावों का उन्हें ज्ञान है जिनकी अधिकारी द्वारा स्वीकृति की जानी है। वे आपको उन प्रस्तावों को अनुमोदन कराने का आश्वासन देते हैं।

You are heading a leading technical institute of the country. The institute is planning to convene an interview panel shortly under your chairmanship for selection of the post of professors. A few days before the interview, you get a call from the Personal Secretary (PS) of a senior government functionary seeking your intervention in favour of the selection of a close relative of the functionary for this post. The PS also informs you that he is aware of the long pending and urgent proposals of your institute for grant of funds for modernization, which are awaiting the functionary's approval. He assures you that he would get these proposals cleared.

*(a)* आपके पास क्या-क्या विकल्प उपलब्ध हैं?

What are the options available to you?

*(b)* प्रत्येक विकल्प का मूल्यांकन कीजिए और बताइए कि आप कौन-सा विकल्प चुनेंगे और क्यों। (*250* शब्द)

Evaluate each of these options and choose the option which you would adopt, giving reasons. (*250* words) 20

**13.** वित्त मंत्रालय में एक वरीय अधिकारी होने के नाते, सरकार द्वारा घोषित किए जाने वाले कुछ नीतिगत निर्णयों की गोपनीय एवं महत्त्वपूर्ण सूचना की आपको जानकारी मिलती है। इन निर्णयों के भवन एवं निर्माण उद्योग पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं। यदि भवन निर्माताओं को पहले ही यह जानकारी मिल जाती है, तो वे उससे बड़े लाभ उठा सकते हैं। निर्माताओं में से एक ऐसा है जिसने सरकार के लिए अच्छी गुणवत्ता का काफ़ी काम किया है और वह आपके आसन्न वरिष्ठ अधिकारी का घनिष्ठ है जिन्होंने आपको उक्त सूचना का उस निर्माता को अनावृत करने के लिए संकेत भी दिया है।

As a senior officer in the Finance Ministry, you have access to some confidential and crucial information about policy decisions that the Government is about to announce. These decisions are likely to have far-reaching impact on the housing and construction industry. If the builders have access to this information beforehand,

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

they can make huge profits. One of the builders has done a lot of quality work for the Government and is known to be close to your immediate superior, who asks you to disclose this information to the said builder.

(a) आपके पास क्या-क्या विकल्प उपलब्ध हैं?

What are the options available to you?

(b) प्रत्येक विकल्प का मूल्यांकन करके बताइए कि आप कौन-सा विकल्प चुनेंगे। उसके कारण भी बताइए। (250 शब्द)

Evaluate each of these options and choose the option which you would adopt, giving reasons. (250 words) 20

**14.** आप उभरती हुई एक ऐसी सूचना तकनीकी कम्पनी के कार्यकारी निदेशक हैं जो बाजार में नाम कमा रही है। कम्पनी के नायक कर्ता, क्रय-विक्रय दल के प्रमुख श्री $A$ हैं। एक वर्ष की अल्पावधि में उन्होंने कम्पनी के राजस्व को दुगुना करने में योगदान दिया है और कम्पनी के शेयर को उच्च मूल्य वर्ग में स्थापित किया है, जिसके कारण आप उन्हें पदोन्नत करने पर विचार कर रहे हैं। परन्तु आपको कई स्रोतों से महिला सहयोगियों के प्रति उनके रवैये की, विशेषकर महिलाओं पर असंयत टिप्पणियाँ करने की आदत की, सूचना मिल रही है। इसके अतिरिक्त वह दल के अन्य सदस्यों, जिनमें महिलाएँ भी सम्मिलित हैं, को नियमित रूप से अभद्र SMS भी भेजते हैं।

एक दिन देर शाम श्री $A$ के दल की एक सदस्या श्रीमती $X$ आपके पास आती है जो बहुत परेशान दिखती है, और श्री $A$ के सतत दुराचरण की शिकायत करती है, जो उनके प्रति अवांछनीय प्रस्ताव रखते रहते हैं और अपने कक्ष में उन्हें अनुपयुक्त रूप से स्पर्श करने की चेष्टा तक की है।

वह महिला अपना त्यागपत्र देकर कार्यालय से चली जाती है।

You are the Executive Director of an upcoming Infotech Company which is making a name for itself in the market.

Mr. $A$, who is a star performer, is heading the marketing team. In a short period of one year, he has helped in doubling the revenues as well as creating a high brand equity for the Company so much so that you are thinking of promoting him. However, you have been receiving information from many corners about his attitude towards the female colleagues; particularly his habit of making loose comments on women. In addition, he regularly sends indecent SMS's to all the team members including his female colleagues.

One day, late in the evening, Mrs. $X$, who is one of Mr. $A$'s team members, comes to you visibly disturbed. She complains against the continued misconduct of Mr. $A$, who has been making undesirable advances towards her and has even tried to touch her inappropriately in his cabin.

She tenders her resignation and leaves your office.

(a) आपके पास क्या-क्या विकल्प उपलब्ध हैं?

What are the options available to you?

(b) इनमें से प्रत्येक विकल्प का मूल्यांकन कीजिए एवं जिस विकल्प को आप चुनते हैं, उसे चुनने के कारण दीजिए। (250 शब्द)

Evaluate each of these options and choose the option you would adopt, giving reasons. (250 words) 20

★★★

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance